सं. 10/02/2011-ई-III.(ए)

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

व्यय विभाग

नई दिल्ली, 7 जनवरी, 2013

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषयः समान ग्रेड वेतन वाले परंतु अधिक कर्तव्यों और जिम्मेदारियों वाले पद पर पदोन्नति पर वेतन निर्धारण।**

अधोहस्ताक्षरी को केन्द्रीय सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियमावली, 2008 के नियम 13 में निहित प्रावधानों की ओर ध्यान आकर्षित करने का निदेश हुआ है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ एक ग्रेड वेतन से दूसरे ग्रेड वेतन में पदोन्नति के मामले में 1.1.2006 को अथवा उसके पश्चात् पदोन्नति पर वेतन के निर्धारण की विधि का प्रावधान है। इस नियम में वेतन बैंड और वर्तमान ग्रेड वेतन (10 के अगले गुणांक तक पूर्णांकित) में वेतन के जोड़ के 3% के बराबर एक वेतन वृद्धि वेतन बैंड में विद्यमान वेतन में जोड़कर वेतन के निर्धारण और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रोन्नत पद में वेतन के निर्धारण का प्रावधान है।

2. इस मंत्रालय के 24.11.2000 के का.ज्ञा.सं. 169/2/2000-आईसी के अनुसार जहां पांचवे केन्द्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर फीडर और पदोन्नत दोनों ग्रेड एक सदृश संशोधित वेतनमानों में रखे गए थे, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ यह प्रावधान किया गया था कि केवल उन्हीं मामलों में जहां कार्यात्मक, परिचालन और प्रशासनिक दृष्टि से प्रश्नगत संवर्गों की उपयुक्त पुनर्संरचना संभव नहीं पाई गई थी, प्रत्येक मामले में गुण-दोष के आधार पर एफ आर 22 (I) (ए) (1) के तहत वेतन निर्धारण का लाभ प्रदान किया जा सकता था बशर्ते कि यह लाभ प्रदान करने के लिए सभी पूर्ववर्ती शर्तें संतोषजनक रूप से पूरी की गई हों और प्रश्नगत पद पर पदोन्नति में वस्तुतः अधिक जिम्मेदारियों का ग्रहण किया जाना शामिल हो।

3. 1.1.2006 से पूर्व विद्यमान प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए मामले पर विचार किया गया है और राष्ट्रपति ने सहर्ष निर्णय लिया है कि एक पद से दूसरे पद पर पदोन्नति के मामले में जहां पदोन्नत पद का ग्रेड वेतन वही है जो फीडर पद का है, वेतन का निर्धारण सीसीएस (आरपी) नियमावली, 2008 के नियम 13(i) में निर्धारित विधि से किया जाएगा बशर्ते कि ऐसे मामलों में वेतन का निर्धारण इस मंत्रालय के दिनांक 24.11.2000 के का.ज्ञा.सं. 169/2/2000-आईसी के अनुसार 1.1.2006 से पूर्व किया गया हो।

अमरनाथ सिंह

4. जहां तक भारतीय लेखापरीक्षा और लेखा विभाग में कार्यरत व्यक्तियों का संबंध है, ये आदेश भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक के परामर्श से जारी किए जाते हैं।

अमरनाथ सिंह

(अमरनाथ सिंह)

उप सचिव, भारत सरकार

सेवा में

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (मानक वितरण सूची के अनुसार)
2. संयुक्त सचिव (स्थापना), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
3. निदेशक (जेसीए), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
4. एनआईसी को इस अनुरोध के साथ कि इसे वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर पोस्ट कर दिया जाए।

F No. 169/2/2000-IC

Government of India
Ministry of Finance
(Department of Expenditure)
ooo

New Delhi, dated 24th November, 2000

# OFFICE MEMORANDUM

Subject : Recommendations of Fifth Central Pay Commission – Upward revision of pay scales as a result of feeder and promotion posts being placed in an identical revised pay scale

ooo

The Fifth Central Pay Commission had, as a measure of rationalisation, merged some of the pre-revised pay scales and had recommended single replacement pay scale(s) in such cases. These recommendations had been accepted by the Government and have been duly notified. This has necessitated the placement of feeder and promotion posts in certain ministries and departments in an identical revised pay scale notwithstanding the fact that such posts were in separate and distinct pay scales earlier.

2. This Department has been receiving a number of proposals from various ministries and departments requesting appropriate upward revision of the pay scales of the promotion posts concerned so as to restore the earlier relativities. It is clarified in this context that the mere fact that the feeder and promotion posts in certain ministries and departments have been placed in an identical revised pay scale cannot by itself be adequate justification for placing the promotion posts in the hierarchy in a higher pay scale. Upward revision of the pay scale of posts on this consideration alone is not being accepted as a general policy unless there are other extenuating circumstances that might justify the adoption of such a course of action. What is envisaged in such a situation is that the affected cadres themselves should be appropriately restructured and the relevant recruitment rules amended so as to reduce the number of levels in the hierarchy. This is also the spirit underlying the 5th CPC recommendations relating to the merger of different pay scales.

3. Therefore, ministries/departments should, in the first instance, examine in depth the feasibility of appropriately restructuring the cadres in question. Only in cases where this is not found to be feasible on functional, operational and administrative considerations, only extension of the benefit of fixation of pay under FR 22(I)(a)(1) could be considered on the merits of each case and provided that all the conditions precedent for the grant of this benefit are fully satisfied and promotion to the posts in question actually involves the assumption of higher responsibilities. All cases for extension of the pay fixation benefit in such cases should be referred to the Department of Expenditure for prior approval.

4. Ministries and departments of the Government of India are accordingly requested to review all such cases on a priority basis in consultation with their Financial Advisers and make available specific proposals for the consideration of this Department, in case this has not already been done. The proposals should contain detailed justification indicating the reasons for the inability of the ministries and departments to re-structure the cadres, the nature of functions and responsibilities and establish conclusively that the assumption of higher responsibilities is actually involved.

5. Hindi version will follow.

[MANOJ JOSHI]
Deputy Secretary to the Government of India

All Ministries/Departments of the Government of India

Copy forwarded for information and necessary action to :

1. All Financial Advisers
2. Endorsements as per Standard Mailing List